## जल संकट : राजधानी में पानी के लिए जद्दोजहद



फोटो : समीर

## राजधानी में अपराधी बेलगाम, दिनदहाड़े कर दी युवक की हत्या

# कालू लामा की हत्या के आरोपी तनवीर को अपराधियों ने मारी चार गोली, मौत

**एदलहातू के टोंटे चौक स्थित सरना स्थल के पास खड़े तनवीर को अपराधियों ने मारी गोली**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार को बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक तनवीर आलम उर्फ बिट्टू खान अपराधी कालू लामा हत्याकांड में शामिल था। वह कुछ दिनों पहले ही जेल से बाहर आया था। घटना बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू में करीब 6.30 बजे घटी। बिट्टू की हत्या से स्पष्ट हो गया है कि गैंगवार में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। तनवीर आलम एदलहातू के नीचे टोला का रहने वाला है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बाइक से ही फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए जांच में जुट गई। जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन, सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन की।



तनवीर एदलहातु के टोंटे चौक स्थित सरना स्थल के पास खड़ा था। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। तनवीर को चार गोलियां लगी। इसके बाद आसपास के लोगों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। वहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस शहर से बाहर जाने वाले रास्तों को सील कर चेकिंग अभियान चला रही है। आशंका है कि गैंगवार को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।

**गोलीबारी की घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल**

एदलहातु क्षेत्र अपराधियों का गढ़ है। बरियातू पुलिस सिर्फ नाम की खानापूर्ति के लिए पेट्रोलिंग करती है। इस इलाके में अपराधी लगातार घटना को अंजाम दे रहे है। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। छह माह पूर्व ही एदलहातू पहाड़ के पास शाम के समय अपराधियों ने धवन नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**कालू लामा हत्याकांड में सोनू शर्मा के साथ रची थी साजिश :** गौरतलब हो कि 27 जनवरी, 2022 को मोरहाबादी मैदान में जमीन विवाद में हुए गैंगवार में अपराधी कालू लामा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बरियातू थाना पुलिस ने कालू लामा के सहयोगी शुभम विश्वकर्मा के बयान पर कालू लामा की हत्या की साजिश रचने में लव कुश शर्मा, उसका भाई सोनू शर्मा, एदलहातु का रहनेवाला जमीन कारोबारी अजय सिंह और तनवीर उर्फ बिट्टू खान के साथ राजू चोटी को नामजद आरोपी बनाया गया था। बरियातू पुलिस ने तनवीर उर्फ बिट्टू खान और राजू चोटी को गिरफ्तर कर जेल भेजा था।

## तीन माह पहले हुआ था तनवीर का निकाह, लवकुश शर्मा गैंग का था मेंबर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातु में जिस बिट्टू खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई, उसका निकाह तीन महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। घर में पिता का साया पहले ही उठ गया। दो बहनों में बिट्टू अकेला था। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है।

तनवीर उर्फ बिट्टू खान बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद अभिषेक प्रियदर्शी उर्फ लवकुश शर्मा के गैंग का मेंबर था। एटीएस ने लवकुश शर्मा को बिहार के अरवल से गिरफ्तार किया था। तनवीर भी लवकुश शर्मा और कालू लामा के बीच चल रहा अदावत में शामिल था। कालू लामा की हत्या 11 एकड़ जमीन को लेकर की गई थी।

### दिनदहाड़े मोरहाबादी में करायी थी कालू लामा की हत्या

लवकुश शर्मा पर 24 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। लवकुश शर्मा की पहचान अपराध की दुनिया में तब और मजबूत हुई जब उसने 27 जनवरी को मोरहाबादी मैदान में दिनदहाड़े अपराधी कालू लामा की गोली मारकर हत्या करा दी। लंबे समय से चले आ रहे गैंगवॉर को अपराधी लवकुश शर्मा ने एक झटके में खत्म करने की कोशिश की। रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में रहते हुए लवकुश शर्मा ने अपराध की दुनिया में कदम रखा था। उसके रौब को देख तनवीर उर्फ बिट्टू खान भी उसके गैंग में शामिल हो गया था। कालू लामा हत्याकांड में उसने रेकी की थी। उसके रेकी करने के बाद ही घटना को अंजाम दिया गया था।



## डीसी ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण का किया निरीक्षण, कहा

# ऋण माफी योजना में शेष बचे लाभुकों का करायें ई-केवाइसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कृषि भवन परिसर, कांके रोड स्थित कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) रांची कार्यालय का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कार्यालय में होने वाले कार्यों की जानकारी ली और जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना के निदेशक विकास कुमार को कई निर्देश दिया।

मौके पर उपायुक्त ने प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों की नियुक्ति से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कृषि की नई तकनीक के सहारे ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित करने के प्रयास करने को कहा। उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत (दलहन), मौजूदा वित्त वर्ष योजना अनुसार बेहतर ढंग से कार्य करने का निर्देश भी दिया। श्री सिन्हा ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में शेष बचे लाभुकों का ई-केवाईसी कराने का भी निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया। इस मौके पर उपायुक्त ने कृषकों के बीच उन्नत किस्म के बीच बीज वितरण किया गया। उपायुक्त ने किसानों को कहा कि अच्छी पैदावार के लिए उन्नत किस्म के बीज, उर्वरक और खाद का उपयोग करें। जो बीज किसानों के बीच वितरित किये गये हैं वो एशिया में सबसे ज्यादा उपज देने वाले हाइब्रिड बीज हैं।

उपायुक्त ने परिसर में बन रहे बीज-खाद गोदाम का भी निरीक्षण किया। जिला कृषि पदाधिकारी से इसके पूर्ण होने की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इसे जल्द पूरा कर किसानों को लाभ दिलायें। उन्होंने परिसर अवस्थित ब्रिटिश कालीन में बने समेति भवन के जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इसे संग्रहालय बनाया जायेगा।

# नवनिर्मित मार्केट में शिफ्ट किये जाने पर सब्जी विक्रेताओं ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में बिरसा समाधि स्थल के सामने डिस्टिलरी पुल के पास निर्मित मार्केट में सब्जी विक्रेताओं को स्थानांतरित करने के मामले में सब्जी विक्रेताओं ने मंगलवार को जमकर विरोध किया। जानकारी के अनुसार निर्मित मार्केट के खुले छत्ते में सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट किया जाना था। इसी क्रम में नगर निगम की टीम जब वहां पहुंची और कहा कि सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट करा दें, तो सभी महिला पुरुष सब्जी विक्रेताओं ने नगर निगम का विरोध किया। सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि इस चिलचिलाती धूप में और खुले आसमान के नीचे बैठकर सब्जी बेचने में लोगों को मुश्किल होगी।

ज्ञात हो कि 9 जून को शहीद दिवस पर डिस्टलरी पुल स्थित बिरसा स्थल पर राज्य मंत्री, नेता और अधिकारी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने आते हैं। उस दौरान सड़क पर दुकान की वजह से वहां कूड़ों का ढेर लगा होता है जिससे उठती बदबू के कारण आने जाने में मुश्किल होती थी। वहीं सड़क के दोनों ओर अस्थायी स्टॉलों पर मांस-मछली की बिक्री के कारण ट्रैफिक जाम का नजारा रहता था इन्हीं तमाम बिंदुओ पर गौर करते हुए बिरसा समाधि स्थल के सामने डिस्टिलरी पुल पर मार्केट का निर्माण कर मांस की दुकानों को स्थानान्तिरित किया गया। उसी क्रम में अब सब्जी के दुकानों को भी उसी मार्केट की छत में स्थानान्तिरित किया जाना है।




### 273 सब्जी विक्रेता डिस्टिलरी वेंडर मार्केट में होंगे व्यवस्थित

**रांची।** रांची नगर निगम ने लालपुर कोकर मार्ग के फल सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने तथा सड़क को जाम मुक्त करने के लिए डिस्टिलरी वेंडर मार्केट का निर्माण कराया है। जिसमें प्रथम चरण में मीट-मछली विक्रेताओं को उस नवनिर्मित मार्केट में स्थान आवंटित कर उन्हें व्यवस्थित किया गया। वहीं दूसरे चरण में मंगलवार को लालपुर कोकर मार्ग के फल-सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करना था, मार्ग को जाम मुक्त करने तथा सड़क किनारे अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी सब्जी विक्रेताओं को डिस्टिलरी वेंडर मार्केट के उपरी तल्ले पर स्थान आवंटित करते हुए वहां दुकान लगाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्हें यह भी निर्देश दिया गया कि अगर सड़क किनारे फिर से वे अपनी दुकान लगाते हैं तो उनके सामानों को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रोड किनारे निर्मित अस्थायी संरचना को ध्वस्त कर जगह समतल किया गया ताकि वाहनों का परिचालन सुगम हो सके। इसी क्रम में सोमवार को लालपुर कोकर मार्ग के सब्जी विक्रेताओं के वेंडर मार्केट में स्थानान्तरित होने के लिए एनाउंसमेंट भी किया गया था। जानकारी के अनुसार निगम की टीम द्वारा सब्जी विक्रेताओं को वेंडर मार्केट परी तल एवं पार्क के बाहरी क्षेत्र में व्यवस्थित किया जाएगा। यह भी बताया गया कि कुल 273 सब्जी विक्रेताओं को निगम के द्वारा स्थापित किया जाना है।

### कोर्ट में पेशी के बाद दिनेश गोप को भेजा गया जेल



**रांची।** टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में गिरफ्तार पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप उर्फ अमरजीत सिंह उर्फ कुलदीप उर्फ साहेब उर्फ मारंग बुरू की पुलिस रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद मंगलवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। एनआईए ने गिरफ्तारी के बाद दिनेश गोप को पूछताछ के लिए पहली बार 22 मई को 8 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया था। इसके बाद 1 जून से 6 जून के दिन के 10 बजे तक पूछताछ की। पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त हो गई। आगे पूछताछ की जरूरत पड़ने पर फिर से दिनेश गोप को एनआईए रिमांड पर ले सकती है। पुलिस रिमांड के दौरान उसकी निशानदेही पर कई स्थानों से भारी संख्या में हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। मालूम हो कि एनआईए ने दिनेश गोप को 21 मई को नई दिल्ली स्टेशन से गिरफ्तार किया था।

## जेल में बंद टाना भगत मामले में मुख्य सचिव से मिले बंधु,कई मुद्दों पर की बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मंगलवार को मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मिले। श्री तिर्की ने कहा कि मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से हुई उनकी मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। मुख्य सचिव ने उन्हें शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। तिर्की ने बताया कि लातेहार में टाना भगतों द्वारा वहां के कचहरी परिसर में जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए किए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर कार्रवाई कर लगभग 200 लोगों को नामजद और 300 अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराये जाने पर उन्होंने यह आश्वासन दिया कि लातेहार के उपायुक्त से प्रतिवेदन मंगवाने के बाद इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

**चीक बड़ाइक को जाति प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा :** बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में विभिन्न स्थानों पर रहनेवाले अनुसूचित जनजाति चीक बड़ाइक लोगों में अधिकांश के खेवट और खतियान में विभिन्न तरीके से जाति दर्ज होने से उनके वंशजों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र मिलने में कठिनाई हो रही है। इस मामले पर भी मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि इस मामले में अपेक्षित कदम उठाए जाएंगे।

**मुड़मा दोहर सिंचाई और मॉडल स्कूल निर्माण का मुद्दा उठाया :** श्री तिर्की ने कहा कि मुख्य सचिव ने इस बात पर भी अपनी सहमति दी की है कि मांडर के मुड़मा दोहर में सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाए जिससे सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचित हो और इसका फायदा हजारों किसानों को मिले। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव से वार्ता के दौरान उन्होंने 2013 में शुरू हुए बेड़ो मॉडल स्कूल के निर्माण कार्य की ओर भी उनका ध्यान आकृष्ट किया। उन्हें जानकारी दी कि संवेदक और विभागीय लापरवाही के कारण भवन का निर्माण कार्य अबतक पूरा नहीं हुआ है। इसके अलावा मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मांडर, सोपारोम और चान्हो को सरकार के आदर्श विद्यालयों की सूची में तो शामिल कर लिया गया है लेकिन अबतक वहां न तो बिजली की आपूर्ति हुई है और ना ही पहुंच पथ का ही निर्माण किया गया है।

**कोयल नदी पर वृहद पैमाने पर बने डैम :** बंधु तिर्की ने कहा कि मांडर के कैम्बो गांव में कोयल नदी में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा चेक डैम का निर्माण कराया गया था। जिसमें तकनीकी दृष्टिकोण से अनेक खामियां थीं और अत्यधिक वर्षा के कारण चेक डैम का गार्डवाल टूटने से नदी की धारा बदल गई परिणामस्वरुप अनेक एकड़ भूमि नदी में समाहित हो गए। उन्होंने मुख्य सचिव से आग्रह किया कि इस नदी पर जल संसाधन विभाग के द्वारा वृहद पैमाने पर डैम का निर्माण कराया जाए।

## खबर एक नजर में

### क्षतिग्रस्त पुल के नीचे बालू उठाव पर रोक लगे

**रांची।** पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार के केन्द्रीय निरूपण संगठन के मुख्य अभियंता ने रांची डीसी को पत्र लिखा है। उसमें उन्होंने कहा कि है कि रांची जिला के सोनाहातु प्रखंड अंतर्गत कांची नदी पर क्षतिग्रत उच्चस्तरीय हारिन पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगायें। इस क्षतिग्रस्त पुल का अतिशीघ्र मरम्मत करने और पुल के नीचे से अवैध खनन रोकने का काम करें। उन्होंने कहा कि नये पुल निर्माण के लिए प्रक्रिया अपनायी जा रही है।

### एसएसपी ने 192 चालकों का किया ट्रांसफर

**रांची।** रांची एसएसपी किशोर कौशल ने लंबे समय से एक ही थाना में पदस्थापित चालकों का तबादला कर दिया है। सभी लोगों को जल्द से जल्द योगदान देने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में एसएसपी किशोर कौशल ने अधिसूचना जारी कर दी है। साथ ही कहा गया है कि देर करने की स्थिति में सूचना विभाग को जरूर दे। ऐसा नहीं करने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### 20-29 जून तक रांची में जगन्नाथ महोत्सव

**रांची।** हटिया रांची में लोकप्रिय और ऐतिहासिक जगरनाथ महोत्सव का आयोजन 20-29 जून तक किया जाना है। इसमें पर्यटन, कला संस्कृति विभाग, झारखंड की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हर वर्ष की तरह होना है। संस्कृति निदेशक की ओर से सूचना जारी करते बताया गया है कि इस वर्ष भी सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन होना है। इसमें प्रस्तुति देने को इच्छुक कलादल और कलाकार 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। एमडीआइ बिल्डिंग, धुर्वा स्थित निदेशालय के कार्यालय में इस डेट को 3 बजे दोपहर तक जरूरी डाक्यूमेंट्स और आवेदन के साथ इसे जमा करना होगा।

**आवेदन में यह जानकारी जरूरी :** आवेदन पत्र में कला दल, कलाकार का नाम, पता, प्रस्तुति विधा, कलादल नेता का नाम और मोबाइल नंबर, कलादल के सदस्यों का नाम (पहचान पत्र सहित) सहित जरूरी जानकारी होनी चाहिए।

### राष्ट्रीय युवा शक्ति का दल बालासोर पहुंचा



**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति का एक प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में मंगलवार को बालासोर पहुँचा। जहाँ विगत दिनों भीषण ट्रेन दुर्घटना में सैकड़ों लोगों की जान गई थी। जनसेवा की भावना लिये पिछले एक दशक से कार्य कर रही राष्ट्रीय युवा शक्ति की टीम ने द्वारा बालासोर हॉस्पिटल पहुँचकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें कई युवाओं ने रक्तदान किया एवं हॉस्पिटल में जाकर घायलों से मुलाकात की तथा उन्हें यथासंभव मदद पहुंचाने का प्रयास किया। रक्तदान करने वालों में नितेश वर्मा, राहुल गुप्ता, रोहित यादव, सूरज कुमार, मीनू चौधरी, प्रेम कुमार, निखिल गुप्ता थे।

## इलाके में उसके नाम का था खौफ, गोड्डा जेल में बंद है जेठा

# पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप से ज्यादा चर्चित था जेठा कच्छप, की थी पूर्व मेयर आशा लकड़ा के पति की हत्या

**12 साल पहले हत्या के मामले में अब काटेगा उम्रकैद की सजा**

कुबेर सिंह

**रांची।** एनआइए ने पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप को सलाखों के पीछे भेजा है। पर, हकीकत यह है कि दिनेश गोप से ज्यादा चर्चित उसके गिरोह में जेठा कच्छप था। झारखंड की राजधानी रांची के तुपुदाना इलाके से गिरफ्तार हुए नक्सल कमांडर जेठा कच्छप ने हिंसा का रास्ता अपने चाचा की हत्या के बाद अपनाया था। पीएलएफएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के जोनल कमांडर जेठा ने चाचा की मौत के बाद हथियार उठा लिया और 50 से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया। उसके हाथों मरने वालों में रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा के पति राजेंद्र कुमार धान समेत कई चर्चित लोग शामिल हैं। फिलहाल, जेठा कच्छप गोड्डा जेल में है और अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

**जमीन विवाद में हुई थी चाचा की हत्या**

जेठा कच्छप उर्फ जेठा मुंडा झारखंड के खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के डुमरगड़ी गांव का रहने वाला है। उसके चाचा पल्टू मुंडा की हत्या उसी गांव के फूलचंद होरो ने कर दी थी। वर्ष 2008 में जमीन विवाद में जेठा के चाचा की हत्या हुई थी। जेठा को गिरफ्तार करने वाली टीम की अगुआई करने वाले रांची के एसपी (ग्रामीण) एसके झा के मुताबिक, जेठा अपने चाचा की हत्या का बदला लेना चाहता था। उस समय पीएलएफआई का नाम जेएलटी (झारखंड लिबरेशन टाइगर्स) हुआ करता था। जेएलटी के एरिया कमांडर विमल भगत की गिरफ्तारी के बाद बागी फौजी राजकमल गोप को संगठन का जोनल कमांडर बना दिया गया था। जेठा कच्छप उसके संपर्क में आया और चाचा के हत्यारों से बदला लेने के लिए जेएलटी से जुड़ गया। बाद में नक्सली संगठन के सुप्रीमो दिनेश गोप ने इसका नाम जेएलटी से बदलकर पीएलएफआई कर दिया।

**...और बन गया जोनल कमांडर :** राजकमल गोप के साथ मिलकर जेठा ने अपने चाचा की हत्या का बदला लेते हुए हत्यारे फूलचंद की हत्या कर दी। राजकमल गोप की गिरफ्तारी के बाद जेठा कच्छप को पीएलएफआई के मुखिया दिनेश गोप ने जोनल कमांडर बनाया और बेड़ो, लापुंग, कर्रा, इटकी और पिस्कानगड़ी थाना क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंप दी। इसके बाद जेठा की पहचान खूंखार नक्सली के तौर पर बन गई। खूंटी जिले के बेड़ो, लापुंग, कर्रा और इटकी थाना क्षेत्र में जेठा कच्छप ने कई वारदातों को अंजाम दिया।

**2011 में पति- पत्नी की कर दी थी हत्या :** मामला लापुंग थाना क्षेत्र का वर्ष 2011 का है। जमीन को लेकर विवाद में जेठा कच्छप सहित छह लोगों ने राम उरांव और उसकी पत्नी पर गोली चला दी थी। राम उरांव की पत्नी की घटनास्थल पर मौत हो गयी थी, जबकि राम उरांव की मौत इलाज के दौरान हुई थी। इस संबंध में मृतक परिजनों ने लापुंग थाना में 302, 307, आर्म्स एक्ट के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में 445 चेंबर अधिवक्ताओं को आवंटित

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में 445 चेंबर वरीय अधिवक्ताओं और अधिवक्ताओं को आवंटित किया गया है। इस संबंध में हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर की ओर से आदेश जारी किया गया है। दरअसल, झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में अधिवक्ताओं को चेंबर आवंटित करने को लेकर चीफ जस्टिस द्वारा एक कमेटी बनायी गयी थी। अधिवक्ताओं को चेंबर देने को लेकर एक नियमावली भी बनायी गयी है। जिसके आधार पर वरीय अधिवक्ता एवं अधिवक्ताओं को नये हाइकोर्ट भवन में चेंबर आवंटित किया गया है। चेंबर आवंटन को लेकर अधिवक्ताओं को 10 साल तक हाइकोर्ट में प्रैक्टिस करना जरूरी है। उन्हें एडवोकेट एसोसिएशन का भी मेंबर होने पर चेंबर मिलने में प्राथमिकता दी गयी है। अधिवक्ताओं से चेंबर के लिए फॉर्म भर कर देने को कहा गया था।

### रघुवर सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता : पंकज शाहदेव



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी धुर्वा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव के नेतृत्व में भाजपा विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत धुर्वा नयासराय वाले रोड में झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य गेट के पास भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस आयोजन के दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य पंकज शाहदेव ने कहा कि वर्तमान में झारखंड के विकास के लिए जो भी योजनाएं चल रही है यह सब भाजपा की रघुवर दास सरकार की योजनाएं हैं, जो अभी धरातल में उतर रही है। वह चाहे विधानसभा हो, हाईकोर्ट हो, स्मार्ट सिटी की योजना हो, फ्लाईओवर हो, रिंग रोड मार्ग हो, जगन्नाथपुर स्थित लाईट हाउस योजना हो, सौभाग्य योजना के तहत हर घर में बिजली योजना हो, लघु रोजगार योजना हो, घर घर जल पहुंचाने की योजना हो, हर घर गैस पाइप लाईन पहुंचाने की योजना हो या अन्य योजनाएं सभी रघुवर दास के समय की देन है। निर्णय लिया गया कि भाजपा सरकार की कार्य को आम जनता के बीच बताना है और उसकी उपलब्धि को बताना है, ताकि लोगों मे वर्तमान की हेमंत सरकार एवं भाजपा की रघुवर सरकार मे हुई कार्य को समझ सके और पुनः भाजपा की सरकार स्थापित हो। मौके पर वेद प्रकाश सिंह, सुचिता रानी, कामेश्वर सिंह, शिवाजी सिंह, शिव गोविंद पांडे, वीणा मिश्रा, चंदन पटेल, अभय झा, अशोक कुमार, पार्वती देवी, अजवीर बड़ाईक, ब्रजेश दुबे, शिवदयाल, शोभा, राजकुमारी, धीरज चौबे, राम प्रवेश, राधिका रमन, राजा, अनिष कुमार, बलराम, अमन शर्मा सहित धुर्वा भाजपा के महिला-पुरुष कार्यकर्ता थे।

सिटी की अन्य खबरें पेज 9 पर भी...

# पानी की समस्या से जूझ रहे हिंदपीढ़ी के लोग

## जल संकट : गर्मी में कुएं सुख गये, बोरिंग में जल स्तर नीचे गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मौसम की बढ़ती गर्मी से जहां लोगों का जीना मुश्किल हो गया है, वहीं नगर के तमाम घनी आबादी वाले मुहल्लों में गहराते जल संकट से त्रस्त हैं आम नागरिक। यही स्थिति हिंदपीढ़ी की भी है।

हिंदपीढ़ी में जहां कुएं सुख गये है, वहीं बोरिंग में पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है। कुछ बोरिंग की स्थिति तो यह है कि बहुत देर तक चलाने के बाद भी पानी नहीं मिलता है। वहीं, इस क्षेत्र में जलापूर्ति भी नियमित और पर्याप्त न होने से लोग सुबह उठते ही स्कूटी, साइकिल, मोटरसाइकिल आदि में जार लेकर पानी की तलाश व जुगाड़ में निकल पड़ते हैं। इस क्षेत्र के लोग पानी की समस्या के निदान के लिए या तो सप्लाई वाटर या फिर वाटर टैंकर के भरोसे जीने को विवश हैं। लेकिन, निगम का टैंकर भी इस क्षेत्र के लोगों की प्यास बुझाने में सक्षम नहीं है। टैंकर आने से पहले ही मुहल्ले के लोग अपने घरों से जार, डब्बा, डेगची, बाल्टी लेकर पहले पानी पाने की होड़ में लगे रहते हैं। आलम यह है कि आबादी और जरूरत के मुताबिक नगर निगम भी पर्याप्त जल की आपूर्ति नहीं कर पाता है। गौरतलब है कि झारखंड में जलस्तर काफी नीचे चला गया है। गर्मी आते ही लोग पानी की समस्या से जूझने लगते हैं।

हिंदपीढ़ी इलाके में 4 वार्ड हैं। डेढ़ लाख की आबादी है। इतनी बड़ी आबादी को हर साल जलसंकट का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद, इस क्षेत्र में जल मीनार का निर्माण न हो पाना चिंतनीय व अफसोस की बात है।

बताते चलें कि बढ़ती आबादी के लिहाज से हिंदपीढ़ी में जल मीनार की सख्त जरूरत है। समाजसेवी खालिद उमर ने इस क्रम में खबर मन्त्र को बताया कि पेयजल के लिए इस क्षेत्र के नागरिकों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। जल मीनार होता तो शायद उनकी जल संकट की समस्या का निदान हो पाता। खालिद उमर ने बताया कि हिंदपीढ़ी की घनी आबादी व हर साल गहराते जल संकट के कारणों पर गौर करते हुए वर्ष 2022 के अक्टूबर में हिंदपीढ़ी में 23,000 लीटर क्षमता के जल मीनार का शिलान्यास भी हुआ। इसका उद्देश्य क्षेत्र के 15,000 घरों को पानी देना था। लेकिन, शिलान्यास के बाद आज तक वह जलमीनार पूरा नहीं हुआ और समस्या यथावत है। इसे लेकर हिंदपीढ़ी वासियों में काफी मायूसी है।

## मांडर के मुरमा में मन का मिलन पखवाड़ा का हुआ आयोजन

**रांची।** न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय रांची सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा रांची के निर्देश से झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के तत्वावधान में 29 मई से 14 जून तक, मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवारा विशेष अभियान का कार्यक्रम जारी है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मध्यस्थता के प्रति जागरूक हो और न्यायालय में लंबित वाद या मुकदमा पूर्व वाद का निष्पादन हेतु मध्यस्थता को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। न्यायालय में लंबित 20 वाद को मध्यस्थता के लिए मध्यस्थता केंद्र भेजा गया था और 1 मुकदमा पूर्व वाद के लिए आवेदन आया था। इस कार्यक्रम की जानकारी अधिकाधिक लोगों को हो जिसके लिए रांची जिला के प्रखंड और गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मांडर प्रखंड मुरमा गांव में मन का मिलन पखवाड़ा जागरूकता शिविर का अयोजन किया गया।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया परसुडीह शाखा के नये परिसर का हुआ उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के परसुडीह शाखा के नये परिसर का उद्घाटन मंगलवार को पीयूष सिन्हा (आइएएस), एसडीओ, धालभूम, जमशेदपुर ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए। सेंट्रल बैंक के उपस्थित ग्राहकों ने बैंक के नये परिसर में स्थानांतरण पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि नया परिसर न केवल आधुनिक है, बल्कि नयी सुविधा से युक्त भी है। इस अवसर पर शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक अमित कुमार ने सभी आगंतुक अतिथियों एवं ग्राहकों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा उन्हें बैंक की श्रेष्ठतम ग्राहक सेवा प्रदान करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर ममता मुंडुइया सहायक प्रबंधक, सुबीर सिकदर, प्रधान खजांची, मेनक सरकार, एसडब्ल्यू आदि उपस्थित थे।

# मेडिका हॉस्पिटल में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर, 300 मरीजों ने उठाया लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सेवा और समर्पण के 9 वर्ष नव उत्कर्ष के साथ 'सबका स्वास्थ्य, सबका विश्वास' उद्देश्य के साथ रांची के बूटी मोड़ स्थित भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एक निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैंप में 300 से ज्यादा मरीजों को परामर्श देते हुए जरूरत के अनुसार दवाएं भी निःशुल्क दी गयीं।

मेडिका हॉस्पिटल कोलकाता से आये वरिष्ठ नेफ्रॉलोजिस्ट डॉ दीपक पहाड़ी का देश में नेफ्रोलॉजी के क्षेत्र में एक प्रमुख नाम है। उन्होंने बताया कि गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के मरीजों की सेवा मेडिका हॉस्पिटल का पहला उद्देश्य है। इसके अलावे यहां के विशेषज्ञ डॉक्टर, जिसमें वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ गणेश झा, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ दीपक चंद्र प्रकाश, हृदय रोग बिशेषज्ञ डॉ रोहित एवं डॉ दीपक, हड्डी रोग बिशेषज्ञ डॉ राकेश अग्रवाल, जनरल सर्जरी बिशेषज्ञ डॉ अंजना गांधी, पल्मोनरी बिशेषज्ञ डॉ योगेश एवं अन्य डॉक्टरों ने हेल्थ समस्याओं का चिकित्सकीय परामर्श निःशुल्क दिया। साथ ही, मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाएं भी दी गयीं। इस शिविर का लाभ उठाने वाले मरीजों ने मेडिका हॉस्पिटल के प्रयासों की सराहना की और आभार व्यक्त किया। मौके पर मेडिका हॉस्पिटल के एवीपी अनिल शर्मा ने मरीजों को भरोसा दिलाया कि उनके हित के लिए ऐसी निःशुल्क शिविर आगे भी लगता रहेगा।

# प्रकृति का उपहार है पर्यावरण : नारसरिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन समिति एवं मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वावधान में इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस रांची एवं इक्फाई विश्वविद्यालय में मंगलवार को पौधरोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय परिसर में 51 फलदार एवं छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए। मौके पर समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने कहा कि मनुष्य का संपूर्ण जीवन पर्यावरण के द्वारा ही संचालित होता है। पर्यावरण प्रकृति द्वारा दिया गया अनुपम उपहार है।जहां का पर्यावरण स्वच्छ और संरक्षित होगा वहीं स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन की परिकल्पना की जा सकती है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक वृक्ष लगाने का आवा? किया। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस के निदेशक डॉ सुहाष तेतरवे ने कहा कि एक वर्ष के अंदर पूरे रांची के विभिन्न स्थानों में एक लाख पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

इक्फाई विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ रमण झा, टी.आर.आई. के निर्देशक रणेन्द्र कुमार, राजेश्वर नाथ आलोक, डॉ धीरज पांडे, डॉ सृष्टि, मारवाड़ी सहायक समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया, प्रवक्ता संजय सर्राफ, कवि सम्मेलन आयोजन समिति के सचिव अनिल कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन पोद्दार, महिला समर्पण शाखा की अध्यक्ष श्वेता भाला, जगन्नाथपुर न्यास समिति के सदस्यगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### 53 दिनों से निदेशक प्राथमिक शिक्षा का पद खाली, पोस्टिंग हो

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि पिछले 53 दिनों से निदेशक प्राथमिक शिक्षा का पद खाली है। निदेशालय में सभी तरह के कार्य ठप हैं। परिणाम स्वरूप प्रारंभिक शिक्षकों का कार्य अवरुद्ध हो रहा है। मालूम हो 12 अप्रैल को प्राथमिक शिक्षा निदेशक चंद्रशेखर का स्थानांतरण प्रभारी सचिव के पद पर ग्रामीण विकास विभाग में कर दिया गया है, तब से यह पद खाली है। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने मुख्यमंत्री सहित कार्मिक सचिव से मांग की है की यथाशीघ्र निदेशक प्राथमिक शिक्षा झारखंड सरकार का पदस्थापन किया जाये, ताकि प्रारंभिक शिक्षको की समस्याओं का निदान ससमय हो सके।

### इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने लगाये 100 तुलसी के पौधे

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा, रांची डिस्ट्रिक्ट 325 द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अध्यक्ष नम्रता कुमार नेतृत्व में रांची जगन्नाथ मंदिर में 100तुलसी के पौधे लगाए गए। तत्प›त बिरसा चौक सब्जी बाजार के एवं लालपुर सब्जी बाजार के सब्जी विक्रताओँ को प्लास्टिक का उपयोग न करनें के लिए प्रेरित किया गया और कपड़े से बने 500झोले बांटे गए। सब्जी बाजार के अतिरिक्त आम जनता में भी कपड़े के झोले वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में सचिव सुप्रीता लाल, सोमा भादुड़ी, अर्चना त्रिवेदी, ज्योति तिवारी नुपुर शशांक संगीता सिन्हा, सुषमा पांडेय, शालिनी सिन्हा ने भाग लिया।

### डीएसपीएमयू में लिया गया पर्यावरण को बचाने का संकल्प

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के पूरे कैंपस में सामूहिक तौर पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान शिक्षकों और एनसीसी कैडेट्स ने न सिर्फ पूरे विश्वविद्यालय प्रांगण में सफाई की, बल्कि पूरे कैंपस में पौधों में जल देकर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके उपरांत एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया, जो पूरी तरीके से पर्यावरण की सुरक्षा और उसके संरक्षण पर आधारित था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने इन 90 विद्यार्थियों और शिक्षकों को संदेश देते हुए कहा कि इस पूरे पर्यावरण सप्ताह के दौरान डीएसपीएमयू के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण से जुड़े प्रत्येक मुद्दों को पूरी संजीदगी से उभारने की कोशिश की और आज इसी की कड़ी में यह स्वच्छता अभियान और नुक्कड़ नाटक कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

### त्रिदिवसीय विष्णुयज्ञ सूर्य मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह शुरू

**रांची।** न्यू लायन्स क्लब न्यू मधुकम रांची के सौजन्य से त्रिदिवसीय विष्णुयज्ञ सूर्य मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा समारोह शुरू हो गया है। इसके तहत मंगलवार को भव्य विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें लगभग 2100 महिलाओं ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा की सुरुआत मधुकम तालाब स्थित सुर्य मंदिर प्रांगण से हुई, जो न्यू मधुकम मुख्य पथ, चुन्नाभष्ठा, खादगढ़ा रोड़, जयप्रकाश नगर, पहाड़ी रोड होते हुये रानी सती मंदिर प्रांगण में पहुंची। जहां सभी महिलाएं अपने अपने कलश में जल भरकर पुनः खादगढ़ा मिलन चौक, महुआ टोली होते हुए सुर्य मंदिर प्रांगण में पहुंची। तत्प›त प्रसाद ग्रहण कर अपने अपने घर को प्रस्थान किये।

### जेसीआइ रांची ने किया कार्निवल ऑफ ड्रीम्स पोस्टर रिलीज

रांची। जेसीआई राँची तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित द रुईन हाउस 07 व 08 जून को दो दिवसीय कार्निवल ऑफ ड्रीम्स का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 3:00 बजे से रात 9:00 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए मैजिक शो, एक्टिंग वर्कशॉप, फ्लूइड आर्ट, एडवेंचर गेम्स, ट्रेजर हंट, मूवी नाइट, स्टोरी टेलिंग, ओपन माइक कंपटीशन एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जेसीआई राँची के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया की इस कार्निवल ऑफ ड्रीम्स में हर उम्र के बच्चे भाग ले सकते है एवं द रुइन हाउस में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश बिल्कुल निःशुल्क है। जेसीआई राँची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के संयोजक उदित तुलस्यान एवं अचिंत छाबड़ा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव तरुण अग्रवाल, अभिषेक केडिया, सौरभ शाह, देवेश जैन, अविकल मस्करा, संस्कार बजाज व अन्य सदस्यों ने योगदान दिया।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ने किया शरबत का वितरण

**रांची।** लायंस क्लब के प्रेसिडेंट एवं सचिव तथा अन्य सदस्यों ने गर्मी को देखते हुये जरूरतमंदों के बीच सत्तू का शरबत वितरण किया है। मंगलवार को भी सत्तू के शरबत का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम 1 मई से शुरू हुआ है और लगातार चल रहा है । प्रति दिन दोपहर 1बजे से शुरू होता है और लगभग 2 बजे तक चलता है । आज का कार्यक्रम के प्रायोजक लायंस लक्ष्मी गुप्ता थे। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट फिरायालाल प्याऊ के प्रांगण में लगभग 400 लोगों को सत्तू शरवत पिलाया गया । इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रतन अग्रवाल, सचिव सुनील माथुर, लक्ष्मी गुप्ता उपस्थित थे ।

### सैंया भये कोतवाल का पोस्टर लांच

**रांची।** पत्रकार कला मंच आगामी 11 जून को हास्य नाटक सैंया भये कोतवाल का मंचन करेगा। अनाथ बच्चों के सहायतार्थ होने वाला ये मंचन सीएमपीडीआई स्थित मयूरी प्रेक्षागृह में शाम 5 बजे होगा। मंगलवार को देशप्रिय क्लब में सैंया भये कोतवाल के पोस्टर की लांचिग की गयी। देशप्रिय क्लब के अध्यक्ष और वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ कमल बोस ने कहा कि पत्रकार कला मंच अपने नाटकों के माध्यम से सिर्फ मनोरंजन ही नहीं कर रहा। बल्कि अपना सामाजिक दायित्व भी निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों के सहयोग के लिये किये जा रहे इस मंचन में देशप्रिय क्लब का पूरा सहयोग मिलेगा।

### सीटू ने श्रम भवन के समक्ष किया प्रदर्शन, निकाली रैली

**रांची।** 14 सूत्री मांगों को लेकर भारतीय ट्रेड यूनियन (सीटू) ने श्रम भवन के समक्ष मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले विशाल रैली डोरंडा स्थित श्री कृष्णा सिंह पार्क से निकाली गयी। जो श्रम भवन तक गयी। प्रदर्शन के बाद सीटू की ओर से श्रम आयुक्त के माध्यम से श्रम मंत्री और श्रम विभाग के सचिव को संबोधित करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर झारखंड सीटू के महासचिव बिश्वजीत देब ने कहा कि देश की स्थिति चिंताजनक और गंभीर है। इसके लिए केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियां ही जिम्मेदार है। जो न केवल मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और जनविरोधी हैं, बल्कि राष्ट्रविरोधी भी हैं। ये नीतियां न केवल हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था बल्कि हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हो रही है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के तहत आज देश की मेहनतकश जनता बेरोजगारी एवं मंहगाई के साथ–साथ कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा और सब्सिडी के लिए बजटीय आवंटन में लगातार कमी की मार झेल रही है। तथाकथित डबल इंजन वाली पिछली सरकार की नीतियों का प्रभाव झारखंड के मजदूर वर्ग पर अभी भी मंडरा रहा है। **प्रमुख मांग** : न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण, सभी श्रेणियों के कामगारों को अनुसूची में सूचीबद्ध करने, कल्याण बोर्डों का पारदर्शी संचालन, श्रम विभाग के अंतर्गत विभिन्न समितियों में श्रमिकों का प्रतिनिधित्व तय करने के पारदर्शी मानदंड और अधिसूचनाओं के सख्त कार्यान्वयन तथा दोषी नियोक्ताओं के लिए अभियोजन और दंड सुनि›ित करना, मनरेगा के लिये अधिक बजट सुनि›ित करने, शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करने, श्रम विभाग में रिक्त पदों में नियुक्ति तथा एनआई एक्ट के तहत मजदूर दिवस (मई दिवस) की छुट्टी का प्रावधान सुनि›ित करने समेत अन्य मांग शामिल है।

# रांची की मेघा रानी को लेखनी के लिए दिल्ली में डॉक्टरेट की उपाधि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमिशन (डब्ल्यूएचआरपीसी) ने रांची की मेघा रानी को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। दिल्ली के अंबेडकर भवन में आयोजित समारोह में मेघा रानी को उपाधि दी गयी। मेघा रानी को उनकी लेखनी के लिए मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स भारत सरकार मान्यता प्राप्त डब्ल्यूएचआरपीसी की ओर से मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। कई सालों से मेघा लेखन के क्षेत्र में काम कर रही है। पिछले साल भी उन्हें वन इंडिया वीमेन अचीवमेंट अवॉर्ड्स की ओर से वन इंडिया एंगेजिंग लिटरेचर अवॉर्ड दिया गया। यह अवार्ड उनके आर्टिकल्स मातृभाषा हिंदी में लिखने के लिए दिया गया। कई सालों से मेघा लेखन कार्य कर रही है। उनके द्वारा लिखित शास्वत, सृजन, श्रीकृष्ण लीला भी लेखनी का हिस्सा है। श्रीकृष्ण लीला की मेघा सहायक लेखिका है। इस किताब के लिए दो रिकॉर्ड दर्ज है। इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड और वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड, मेघा के राइटप्स नेशनल बुक ऑफ रिकाड्र्स में भी दर्ज है।

# आज भ्रामरी प्राणायाम की जरूरत ज्यादा : स्वामी गोरखनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची योगोत्सव के द्वितीय दिवस पर श्री अरविंदो आश्रम रातू रोड में मंगलवार को प्रातः 6 से 7:30 स्वामी गोरखनाथ सरस्वती ने तनाव भरे जीवन में खुशी के सरगम बजते रहें इसके लिए नाड़ीशोधन और भ्रामरी प्राणायाम की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सत्यानन्द योग परम्परा जिसे बिहार योग पद्धति भी कहते हैं वह मनुष्य को पूर्ण स्वास्थ्य,शान्ति और सौहार्द देने वाला है। योग कभी व्यायाम नहीं हो सकता है जिसे जैसे मन करे हम कर लें। ऐसा अभ्यास फलदायी कम और नुकसान होने की संभावना ज्यादा रहती है। बहुत हल्के और सरल योगासन जैसे कि माजार्री, व्याघ्रासन, शशांकासन और उष्ट्रासन का अभ्यास दीर्घकालिक कमर और पीठ दर्द को ठीक कर देता है। प्राणायाम में नाड़ीशोधन और भ्रामरी दीर्घकालिक सिरदर्द, अनिद्रा, चिन्ता, तनाव और रक्तचाप दोष को ठीक कर सकता है। हमलोग भ्रामरी प्राणायाम को तो मात्र तीन बार करके खत्म कर देते हैं जबकि आज के मनुष्य को भ्रामरी प्राणयाम की ही ज्यादा जरूरत है। मस्तिष्क की उत्तेजना, चिन्ता, क्रोध और तनाव को खत्म करने में सबसे ज्यादा कारगर है भ्रामरी प्राणयाम। बिहार योग विद्यालय का ट्रेडमार्क है नाड़ीशोधन और भ्रामरी।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपने भोजन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।भोजन करते वक्त जो व्यक्ति क्रोध करता है, चिन्ता करता है या दूसरों पर दोषारोपण करते रहता है वह व्यक्ति भोजन नहीं बल्कि जहर खाता है क्योंकि उस स्थिति में आप के भीतर बनने वाले हार्मोन जहर बनाने लगते हैं। भोजन हमेशा रुचिकर,सात्विक और अच्छे सुविचार के साथ ग्रहण करना चाहिए। उस वक्त तो बातचीत भी नहीं करनी चाहिये लेकिन बिडम्बना है कि हमलोग भोजन करते समय ही खूब बात करते हैं और टेलीविजन देखते रहते हैं। यह आदत मधुमेह को जन्म नहीं देगा तो और क्या करेगा ? हमें अपने स्वास्थ्य के लिये मानसिकता बदलनी होगी। कार्यक्रम में संन्यासी मुक्तरथ, आदित्य कुमार और रूपम योग कक्षा का प्रबंधन कर रहे हैं।


## AFFIDAVIT

I, Vijay Chaudhary Son of Sukhram Chaudhary Resident of Village Ankorha, P.0. Ankorha, P.S. NTPC Khaira, Aurangabad , Bihar-824301, do hereby solemnly affirm and declare as follows:

**1.** That I am an Indian citizen.

**2.** That I have obtained a Driving Licence vide DL No-JH01 19890022724.

**3.** That in said Driving Licence my name Bijay Kumar Singh and my previous address-Garikhana, Kotwali, Dist. Ranchi, Jharkhand-834001 has been mentioned.

**4.** That my actual name is Vijay Chaudhary and present temporary address 8/F, Sri Gopal Complex, Kutchery Road, Ranchi has been mentioned.

**5.** That need of the affidavit for correction of my actual name i.e. Vijay Chaudhary R/o 8/F, Sri Gopal Complex, kutchery Road, Ranchi Jharkhand for which this affidavit is being sworn by me.

**6.** That foregoing statements are true and genuine, if found untrue I shall be responsible.

Sworn and signed at Ranchi on dt 6.6.2023.
DeponentVijay Chaudhary.


# बच्चों में मोबाइल प्रयोग की बढ़ती लत चितनीय : डॉ बाखला

## वाईएमसीए डे पर आठ सामुदायिक विकास केंद्रों के 300 बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** वाईएमसीए रांची के तत्वावधान में मंगलवार को वाईएमसीए कांटाटोली प्रागंण में वाईएमसीए डे प्रोग्राम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मेजर अजय कुमार बाखला थे।

मुख्य अतिथि डॉ अजय कुमार बाखला ने इस अवसर पर अपने संबोधन में बच्चों में बढ़ते मोबाइल की खराब लत, कम उम्र में नशा करने की लत के प्रति चिंता जताई। साथ ही, उन्होंने बच्चों को उन खराब लत से बचने के उपाय बताया। कहा कि उन खराब आदतों से छुटकारा पाने के लिए बच्चों को पढ़ाई तथा खेल कूद के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

रांची वाईएमसीए के 8 सामुदायिक विकास केंद्रों के 300 बच्चों ने इस मौके पर भिन्न भिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति से अपनी प्रतिभा का इजहार करते हुए लोगों का मनोरंजन किया। इस मौके पर आयोजित खेलकूद के प्रतियोगिताओं में बच्चों के लिए मेंढक रेस, स्पून रेस, मैथ रेस, बलून रेस, मैंगो रेस, ड्रॉइंग कॉम्पिटिशन, टग ऑफ वार आदि इवेंट संपन्न हुए। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को वाईएमसीए रांची के जनरल सेक्रेटरी चोन्हास कुजूर ने पुरस्कृत किया।

वाई.एम.सी.ए के जनरल सेक्रेटरी चोन्हास कुजूर ने इस मौके पर अपने संदेश में कहा कि प्रथम वाईएमसीए की स्थापना 06 जून म1844 में लंदन में हुआ। रांची में वाई.एम.सी.ए की स्थापना वर्ष 1969 में हुई। संस्था का उद्देश्य शहर के तंग बस्ती, झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले युवा लड़के लड़कियों को शिक्षित करना , उनके अधिकार और कर्तव्य को बताना, उन्हें समाज के समस्याओं के प्रति जागरूक करना तथा विपरीत परिस्थितियों में भी उसका समाधान करना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समाज में एक अच्छी पहचान देना है। इन्हीं तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रख प्रत्येक वर्ष 06 जून को वाई.एम.सी.ए डे मनाया जाता है।

उपस्थित लोगो में वाई.एम.सी.ए. यूनी-वाई के यूथ के साथ-साथ वाई.एम.सी.ए के वरीय सचिव, सचिव, समाज सेवक, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आदि शामिल थे। कार्यक्रम में पर वाई.एम.सी. ए. सामुदायिक केंद्रों के चेयरमैन डॉक्टर ए. यू.हंस ने कहा कि वाई. एम.सी. ए. डे के इस सुंदर अवसर को बच्चों के साथ मनाना वास्तव में इस दिन को गौरवान्वित करना है। क्योंकि बच्चे ही इस देश का भविष्य हैं और कल इन्हीं के कंधों पर इस देश की बागडोर होगी। इसलिए बच्चों को अपने कंधे मजबूत करना एक अच्छा व्यायाम है।

कार्यक्रम में वाई.एम.सी.ए सामुदायिक केंद्रों के सभी शिक्षकगण, सवास्थ्य सेविका, तथा अन्य स्टाफ की संपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन वाई.एम.सी.ए. के सचिव आशीष टोपनो ने व धन्यवाद ज्ञापन सचिव सौरभ मुर्मू ने किया।

# भारत जीत सकता है विश्व कप, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन की भविष्यवाणी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया 7 जून से लंदन के ओवल में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल 2023 में एक-दूसरे से भिड़ने के लिए तैयार हैं। इस बीच इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भविष्यवाणी की है और उनका मानना है कि भारत इस मुकाबले को जीतेगा। उन्होंने दावा किया कि भारत बैक-टू-बैक अंतिम प्रदर्शन करके अपनी गलतियों से सीख सकता है। विशेष रूप से भारत पिछले फाइनल में साउथेम्प्टन में न्यूजीलैंड से हार गया था। हुसैन ने यह भी पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को इस साल की शुरूआत में घरेलू श्रृंखला में भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा था। हालांकि उन्होंने भविष्यवाणी की कि भारत इंग्लैंड की परिस्थितियों में जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत, जैसा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में दिखाया किसी भी स्थिति में जीत सकता है। अगर मौसम अच्छा है और अगर ओवल में सूरज चमकता है तो यह उनके पक्ष के संतुलन में मदद करेगा।




### पिछली बार न्यूजीलैंड ने जीता था विश्व कप

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का पहला चक्र 2019 से 2021 तक था। पहले चक्र के फाइनल में न्यूजीलैंड और भारत की टीमें आमने-सामने हुई थीं। तब न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की थी।

### क्या है मौसम का पूर्वानुमान

फाइनल के पहले तीन दिनों और पांचवें दिन लंदन में ज्यादातर धूप रहने की उम्मीद है। हालांकि, चौथे दिन दोपहर में बारिश की छिटपुट बौछारें पड़ने की उम्मीद है। अगर रिजर्व डे लागू हो जाता है तो भी मौसम साफ रहने की उम्मीद है।

गौर हो कि डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले भारत को झटका लगा है और कप्तान रोहित शर्मा के बाएं अंगूठे में अभ्यास के दौरान चोट लग है। उन्हें पट्टी बांधे हुए देखा गया। थ्रोडाउन पर अभ्यास के दौरान गेंद लगने के बाद रोहित को अपना बायां अंगूठा पकड़े हुए देखा गया लेकिन वह असहज नहीं दिख रहे थे। एहतियात के तौर पर उन्होंने इसके बाद अभ्यास नहीं किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ऑस्ट्रेयिला ने तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चोट के कारण महा मुकाबले से पहले बाहर कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने 32 वर्षीय को चोट के कारण दरकिनार कर दिया गया था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 16वें सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए कुछ मैचों में भाग लेने के बाद वह भारत से लौट गए थे।

### रोहित शर्मा ने क्या कहा

रोहित शर्मा से संवाददाताओं ने प्रेस कान्फ्रेंस में अश्विन के बारे में पूछा तो भारतीय कप्तान ने पिच का जिक्र करते हुए कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि रविचंद्रन अश्विन नहीं खेलेंगे। हम इसके लिए कल तक इंतजार करेंगे, क्योंकि मैंने यहां एक चीज देखी है कि पिच में लगातार बदलाव हो रहा है। आज पिच कुछ अलग दिख रहा है। हो सकता है मैच के दिन कुछ और बदलाव हो जाए। इस बारे में कोई नहीं जानता। टीम के खिलाड़ियों के लिए साफ संदेश है कि सभी 15 प्लेयर हमेशा खेलने के लिए तैयार रहे।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतर खेलने की प्रेरणा मिलती है : विराट कोहली



एजेंसी

**लंदन।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाजी विराट कोहली ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले कहा है कि ऑस्ट्रेलिया का कौशल और प्रतिस्पर्धी रवैया उन्हें बेहतर खेलने के लिए प्रेरित करता है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में कहा, वह (ऑस्ट्रेलिया की) मानसिकता मुझे अच्छे से समझ आती है। इतने प्रतिस्पर्धी लोग, 11 के 11 एक ही दिशा में सोचते हैं। उन्हें पता है कि मैच में क्या चल रहा है। उन्हें जहां मौका मिलता है उसका फायदा उठाने के बारे में सोचते हैं। ऐसी टीम के खिलाफ मेरी प्रेरणा और बढ़ जाती है।

## पेज एक का शेष

### हादसा या साजिश ...

सभी एंगल से होगी जांच : एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त बताया कि हालांकि सीबीआइ सभी एंगल से जांच करेगी। इसमें मानव गलतियों, कोरोमंडल एक्सप्रेस को जान-बूझकर डिरेल करने की कोशिश या फिर किसी अन्य वजहों को भी दायरे में रखा जायेगा। सूत्रों के मुताबिक सीबीआइ की टीम इस मामले में यह जानने की कोशिश करेगी कि बालासोर में तीन ट्रेनों की भिड़ंत की वजह कोई मानव चूक थी, या फिर इसे साजिश के तहत अंजाम दिया गया था। सीबीआइ प्रवक्ता ने बताया कि दो जून को ओडिशा के बहानागा बाजार में हुए कोरोमंडल एक्सप्रेस, यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के हादसे से संबंधित मामला दर्ज किया गया है। यह मामला रेल मंत्रालय के अनुरोध, ओडिशा सरकार की सहमति और डीओपीटी (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) के अगले आदेशों पर दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि सीबीआई ने कटक के जीआरपी में दर्ज केस नंबर 64 की जांच को टेकओवर कर लिया है।

### झारखंड में रेड ...

गोड्डा का पारा 43 डिग्री पार : पिछले 24 घंटे में गोड्डा जिला में सबसे ज्यादा तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। जबकि सबसे कम तापमान रांची के एयरपोर्ट एरिया में 25 डिग्री रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक हिट वेव के समय पूरी तैयारी के साथ बहुत जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें। गर्म हवा के थपेड़े शरीर का पानी सोख लेते हैं। इसकी वजह से शरीर डिहाईट्रेट हो जाता है। ऐसे में चक्कर आना, लूज मोशन और बुखार से गुजरना पड़ सकता है। लू लगने के बाद वक्त पर इलाज नहीं होने से जान भी जा सकती है। रांची के मौसम केंद्र के मुताबिक आने वाले दिनों में उष्ण लहर से सामना होना है। इसको बोलचाल की भाषा में लू चलना कहते हैं। खुली जगह पर पेड़ की छांव में भी आराम करने पर लू लगने की संभावना है, क्योंकि हवा गर्म हो गयी है। इस दौरान, गढ़वा, पलामू, लातेहार, खूंटी, सिमडेगा और रांची के लोगों को विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है।

**इन जिलों के लोग बरतें विशेष सावधानी :** अगले कुछ दिनों में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। यही स्थिति उत्तर-पश्चिम झारखंड के कोडरमा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा और पलामू में भी देखने को मिल सकती है। मध्य झारखंड में सिर्फ रांची में दूसरे जिलों के मुकाबले थोड़ी राहत रहेगी। मध्य झारखंड के बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी और गुमला में पारा 41 से 43 डिग्री सेल्सियत से जाने के संभावना है। यही स्थिति पूर्वी सिंह, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला और सिमडेगा में भी देखने को मिल सकती है।

### इडी को करोड़ों ...

जो लोग इसके लपेटे में आये हैं, उनमें मणिपुर कैडर के एक आईपीएस के भाई और झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव संजय सिंह, धनबाद में ब्राडशन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटैड व मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पुंज सिंह, कंपनी के पार्टनर सुरेंद्र जिंदल, जगनारायण सिंह और मिथिलेश सिंह, बिल्डर रितेश कुमार शर्मा शामिल हैं। इनके झारखंड स्थित ठिकानों के अलावा पटना, आरा, डेहरी, औरंगाबाद सहित कोलकाता में कुल 24 जगहों पर एक साथ छापेमारी चली।

मंगलवार को दूसरे दिन भी इडी ने धनबाद जिले के छह बड़े कारोबारियों के यहां दबिश दी। जगनारायण सिंह उर्फ जगन सिंह, पुंज सिंह, टीपी सिंह, मनोज सिंह और सुरेंद्र जिंदल के आवास और कार्यालय में इडी के द्वारा दस्तावेज खंगाले जाने के बाद अलौकिक ग्रुप के सीईओ रितेश शर्मा के आवास समेत अन्य जगहों पर भी तलाशी अभियान चलाया गया। इडी की यह कार्रवाई पिछले 24 घंटे से जारी है और देर रात तक छानबीन की गयी। मंगलवार को भी जगन सिंह और आलौकिक ग्रुप के सीईओ रितेश शर्मा के आवास पर छापेमारी की गई। इडी ने जगन सिंह के सीए आरके पटनिया के कार्यालय से कई महत्वपूर्ण कागजात टीम के हाथ लगे हैं। बिहार के बालू घोटाले के तार झारखंड से भी जुड़ गये। इस दौरान करोड़ों रुपयों के निवेश के दस्तावेज बरामद हुए। ईडी की जद में कई बड़े नाम आये हैं। बिहार के बालू घोटाले को लेकर झारखंड में छापेमारी इडी की छापेमारी जहां भी चल रही है, उन सभी का संबंध ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड से है। यह वही कंपनी है जिसने बिहार के पांच जिलों (पटना, भोजपुर, रोहतास, छपरा, औरंगाबाद) में बालू उठाव का काम लिया था। इस कंपनी का संचालन डॉ अशोक कुमार, जगनारायण सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, अशोक जिंदल और पुंज कुमार सिंह करते थे। ये सभी कंपनी के पार्टनर थे। बताया जा रहा है कि बिहार में 1000 करोड़ से अधिक के अवैध बालू का खनन कर खुले बाजार में बेचा गया है। इसी के आधार पर ईडी ने अपनी कार्रवाई शुरू की और इस बड़ी छापेमारी को अंजाम दिया।

### झारखंड के नक्सलियों ...

एनआइए के मुताबिक, जांच से पता चला है कि आरोपी भाजपा (माओवादी) के सदस्य हैं। उन्होंने उन बैठकों में हिस्सा लिया जिसमें नायक को निशाना बनाने की साजिश रची गयी थी। उन्होंने उस अपराध में भी हिस्सा लिया, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस कर्मियों को चोट लगी और उनकी मौत हुई और हथियारों व गोला-बारूद की लूट हुई। एनआईए ने कहा, जांच से यह भी पता चला है कि आरोपी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सदस्यों की भर्ती और प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने में शामिल थे। **यह है मामला :** गौरतलब है, भाजपा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर 4 जनवरी को पश्चिम सिंहभूम के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के सदस्यों ने हमला किया था। हालांकि, वह इस हमले में बाल-बाल बच गए थे, हालांकि, हमले में उनके दो अंगरक्षकों की मौत हो गयी थी और एक अन्य घायल हो गया था। नक्सली मृतकों के हथियार लेकर फरार हो गये थे। पहले यह मामला 5 जनवरी 2021 को गोइलकेरा पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। बाद में 30 जून 2022 को एनआइए द्वारा फिर से मामला दर्ज किया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस साल जनवरी में 14 लोगों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था। आरोपियों की पहचान प्रधान कोरह उर्फ मंत्री, श्रीराम तुबिद उर्फ शीराम, शैलेंद्र बहांडा उर्फ देवेन, पूसा लुगुन, सुनिया सुरीन, मंगल सिंह डिग्गी, रंगिया लुगुन, कुजारी केराई, मंगल सिंह लुगुन उर्फ विक्रम, किस्मत कोरह, मिसिर बेसरा उर्फ सागर दा, सुशांत दा उर्फ अनमोल के रूप में की थी। सभी झारखंड निवासी हैं। आरोपी समीर उर्फ लालू मोडियम और अश्विन उर्फ लच्छू कोर्सा छत्तीसगढ़ निवासी हैं।

# जूनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता शुरू, 650 पावरलिफ्टर प्रतियोगी शामिल




खबर मन्त्र संवाददाता


**रांची।** राष्ट्रीय सब जूनियर और जूनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार को ऑल इंडिया पावरलिफ्टिंग के प्रधान सचिव पीजे जोसेफ ने किया. इस मौके पर एसोसिएशन के सदस्य व देश भर से भाग ले रहे 650 पावरलिफ्टर और 50 रेफरी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का आयोजन गुरु नानक स्कूल में 11 जून तक झारखंड पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। झारखंड टीम में 18 बालक और 7 बालिका खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची आर्यना सबलेंका, करोलिना मुचोवा से होगा सामना

एजेंसी

**पेरिस।** दुनिया की दूसरे नंबर की महिला टेनिस खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबलेंका ने मंगलवार को फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सबलेंका ने क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 6-4 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पिछले साल रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस या बेलारूस के खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाने से इनकार करने वाली स्वितोलिना को सबलेंका ने आसानी से शिकस्त दी।



अंतिम चार में सबलेंका का सामना गैर वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य की करोलिना मुचोवा से होगा, जिन्होंने इससे पहले अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

मुचोवा, जिन्होंने 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अंतिम चार में जगह बनाई थी, ने फिलिप चैटरियर पर पाव्लुचेनकोवा को 7-5 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

26 साल की मुचोवा को 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान पेट में चोट लग गई थी जिसके कारण सात महीने तक कोर्ट से बाहर रहीं और हाल ही में सितंबर तक वह शीर्ष 200 से भी बाहर हो गईं थीं।

# प्रियांशु ने किया उलटफेर, सिंधु व प्रणय बाहर

एजेंसी

**सिंगापुर।** युवा भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने सिंगापुर ओपन 2023 में मंगलवार को बड़ा उलटफेर करते हुए जापान के कांता सुनेयामा को हरा दिया, जबकि भारत के शीर्ष शटलर एचएस प्रणय और पीवी सिंधु हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गये। विश्व रैंकिंग में 37वें नंबर के प्रियांशु ने मात्र 38 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में 15वीं रैंक वाले सुनेयामा को 21-12, 21-15 से सीधे सेटों में मात देकर शीर्ष-16 में कदम रखा।

हाल ही में ओर्लिन्स मास्टर्स का खिताब जीतने वाले प्रियांशु ने कुछ सप्ताह पहले सुनेयामा के हमवतन और विश्व नंबर 12 केंता निशिमोतो को मात देकर सभी को प्रभावित किया था। अगले चरण में प्रियांशु का सामना विश्व रैंकिंग में नंबर चार पर काबिज जापान के कोडाई नाराओका से होगा।



इसी बीच, सिंधु पहले चरण में जापान की अकाने यामागूची से 21-18, 19-21, 17-21 से हार गयीं, जबकि प्रणय को नाराओका के हाथों 15-21, 19-21 की करारी हार का सामना करना पड़ा।

श्रीकांत ने थाईलैंड के कांटाफॉन वांगचारोएन को 43 मिनट में 21-15, 21-19 के स्कोर से हराया। अर्जुन और ध्रुव की भारतीय जोड़ी ने फ्रांस के लुकास कॉर्वी और रोनन लाबर को 42 मिनट में 21-16, 21-15 से परास्त किया।

कुछ ही समय बाद, लक्ष्य सेन पहला गेम जीतने के बावजूद ताइवान के चाउ तिएन-चेन से हार गये। एक घंटे नौ मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय शटलर को 21-18, 17-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

अन्य महिला एकल मैचों में, साइना नेहवाल और आकर्षी कश्यप हारकर पहले दौर में ही टूनार्मेंट से बाहर हो गईं।

नेहवाल को पूर्व विश्व नंबर एक थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन के हाथों 13-21, 15-21 की हार मिली, जबकि आकर्षी को सुपनिदा केटथोंग ने 17-21, 9-21 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।

# झारखंड राज्य वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार संपन्न

**रांची।** झारखंड राज्य वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार मंगलवार को सरला बिरला यूनिवर्सिटी के हॉस्टल परिसर में संपन्न हो गया। सेमिनार के समापन के अवसर पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट मिथलेश साहू सहित शैलेन्द्र दुबे,अमरेंद्र दत्त द्विवेदी,शिवेंद्र दुबे,दीपक गोप सहित संघ के कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।



**सेमिनार में निम्न खिलाड़ियों और कोचेस ने भाग लिया**

निशांत तिरकी,कृष्णा कच्छप,ध्रुव द्विवेदी,राकेश उरांव,प्रशांत गोराई, सोमनाथ सिंह, शशिकांत महतो, इन्द्रशिष रॉय, मनीष मुंडा,मोहम्मद जावेद, संजीव सेन, सोनू कुमार मलिक, शांतनु सेन, बासुदेव टोप्पो, अशोक उरांव, भास्कर कुमार ठाकुर, ऋषभ शुक्ला, लक्ष्मी कुमारीं, एकता रोजा तिरकी, प्रिया गाड़ी, तनुश्री,सोनी मिंज,फूल कुमारीं बेदिया, कविता कुमारीं, नसरीन परवीन, अंकिता कुजूर, कोमल कुमारी, बिमला टोप्पो।

# मकान को लेकर भीषण बवाल चली गोली, तीन पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

**बेगूसराय।** बेगूसराय जिला मुख्यालय में नगर थाना से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर मंगलवार की शाम मकान कब्जा को लेकर भारी बवाल हो गया है। इस दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई एवं गोली भी चली है। घटना में दोनों पक्ष की कुछ लोगों के साथ तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस ने लाठी चलाकर मामले को शांत कराया तथा दोनों पक्ष के लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस घटना में नगर थाना के एएसआई अरुण कुमार सिंह, सिपाही विकास राम एवं राहुल कुमार वर्मा घायल हो गए। जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। एसपी योगेन्द्र कुमार के निर्देश पर सदर डीएसपी अमित कुमार और मुख्यालय डीएसपी निशित प्रिया मामले की जांच में जुट गए हैं। गोली लाइसेंसी या गैर लाइसेंसी हथियार से चलाई गई, इसकी भी जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। बताया जाता है कि टेढ़ीनाथ चौक के पास सिहमा पंचायत के पूर्व मुखिया और भाजपा नेता संजीव सिंह एवं उनके भाइयों का रामेश्वर एंड संस के नाम से दुकान चलता है। इसी दुकान वाले 16 धुर जमीन पर बने मकान को लेकर संजीव सिंह एवं फुलेना सिंह के बीच विवाद चल रहा है। जमीन विवाद का मामला कोर्ट में लंबित है। इसी को लेकर मंगलवार की शाम यहां बवाल हुआ है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस का आठ कोच पटना पहुंचा

एजेंसी

**पटना।** पटना-रांची के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के आठ कोच चेन्नई से पटना पहुंच गए हैं। बक्सर से होते हुए ट्रेन कुछ मिनट के लिए आरा में रुकी। आरा स्टेशन पर यह लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कोई इसे छूने के लिए तो कोई ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के लिए आतुर दिखे।

खास बात यह है कि वंदे भारत एक्सप्रेस देश में निर्मित पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन है जिसका इंतजार बिहार के लोगों के साथ झारखंड के यात्री भी कर रहे है। वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच मंगलवार शाम पटना जंक्शन पहुंच गए। इस ट्रेन की 8 बोगियां मंगलवार रात तक राजेंद्र नगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स में पहुंच जाएंगे। इसके बाद उसका एग्जामिनेशन होगा। इसके बाद ट्रायल किया जाएगा। फिर टाइम-टेबल का शेड्यूल जारी होगा। इसके बाद जल ही राजधानी पटना से रांची के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पटरी पर दौड़ती दिखेगी।



**जून के दूसरे वीक में वंदे भारत ट्रेन को चलाने का प्लान: वीरेंद्र कुमार**

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि यह ट्रेन मेन लाइन से पटना लाई जायेगी। पटना-रांची रूट के लिए 8 बोगियों वाले रैक का अलॉटमेंट किया गया है। उन्होंने बताया कि पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की तारीख की घोषणा ट्रायल रन और ट्रेक का काम कम्प्लीट होने की बाद की जाएगी। जून महीने के दूसरे वीक में वंदे भारत ट्रेन को चलाने का प्लान है। इस ट्रेन के पटरी पर दौड़ने से पहले राजधानी पटना से रांची तक के ट्रेक को सुरक्षा मानकों के तहत दुरुस्त किया जा रहा है।

